निर्णय

Ursula Nafula
Vusi Malindi
Nandani
Hindi
Level 2

(imageless edition)

मेरे गाँव में बहुत सारी समस्याएँ थीं। हमें नल से पानी लेने के लिए बहुत लंबी पंक्ति में खड़ा होना पड़ता था।

हमें दूसरों द्वारा दिए गए भोजन का इंतज़ार करना पड़ता था।

चोरों के कारण हमें अपने घर जल्दी बंद करने पड़ते थे।

बहुत से बच्चों ने बीच में ही विद्यालय छोड़ दिया।

कम उम्र की लड़कियाँ दूसरे गाँव में नौकरानी का काम करती थीं।

कम उम्र के लड़के गाँव में घूमते रहते थे जबकि बाकी दूसरों के खेतों में काम करते थे।

जब हवा चलती तो बेकार पड़े कागज़, पेड़ों और बाड़ों से लटक जाते थे।

असावधानी से फेंके गए काँच के टुकड़ों से लोग घायल हो जाते थे।

फिर एक दिन, नल सूख गये और हमारे बर्तन खाली रह गए।

मेरे पिता ने घर-घर जाकर लोगों से विनती की कि वो गाँव की बैठक में आएँ।

एक बड़े पेड़ के नीचे लोग इकट्ठे हुए और उन्होंने सुना।

मेरे पिता ने खड़े होकर कहा “हमारी समस्याओं को सुलझाने के लिए हमें साथ मिलकर काम करना होगा”।

पेड़ की डाली पर बैठा आठ वर्षीय जुमा चिल्लाया “मैं सफाई में मदद कर सकता हूँ”।

एक महिला ने कहा “महिलाएँ मेरे साथ मिलकर फ़सल उगा सकती हैं”।

एक और आदमी खड़ा हुआ और बोला “आदमी कुआँ खोदेंगे”।

हमने साथ मिलकर एक स्वर में ज़ोर से कहा “हम अपनी ज़िंदगी ज़रूर बदलेंगे”। उस दिन से हम अपनी समस्याओं को हल करने के लिए साथ काम करते हैं।

Storybooks Mauritius

global-asp.github.io/storybooks-mauritius

निर्णय

Written by: Ursula Nafula
Illustrated by: Vusi Malindi
Translated by: Nandani

This story originates from the African Storybook (africanstorybook.org) and is brought to you by Storybooks Mauritius in an effort to provide children's stories in Mauritius's many languages.

This work is licensed under a Creative Commons
Attribution 4.0 International License.